DOON UNIVERSITY
NEWSPAPER CLIPPING SERVICES

दून विश्वविद्यालय में नए छात्रों के लिए आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए विद्यार्थी और शिक्षक ● जागरण

थ्योरी, रिसर्च और स्किल डेवलपमेंट केंद्रित शिक्षा से बढ़ेंगे रोजगार

- दून विवि की कुलपति प्रो सुरेखा डंगवाल ने नवप्रवेशी छात्र को विवि से कराया अवगत
- कहा, दून विश्वविद्यालय वैश्विक मांग के अनुरूप छात्रों को तैयार करने की क्षमता रखता है

जागरण संवाददाता, देहरादून : दून विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो सुरेखा डंगवाल ने कहा कि थ्योरी, रिसर्च और स्किल डेवलपमेंट केंद्रित शिक्षा रोजगार पाने की संभावना को बढ़ाती है। उन्होंने कहा कि दून विवि विद्यार्थियों के लिए एक बेहतर विकल्प के तौर पर उभरा है। अनेक विषयों में प्रवेश के लिएं लंबी वेटिंग लिस्ट में विद्यार्थी अभी भी अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं।

यह बात उन्होंने मंगलवार को विवि के स्कूल आफ सोशल साइंस में बीएससी इकोनामिक्स, बीएससी साइकोलाजी, एमएसडब्लू, एमए एंथ्रोपोलाजी और एमए साइकोलाजी के प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों को संबोधित करते कही। सोशल साइंस स्कूल के डीन एवम इकोनामिक्स विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो आरपी ममगाई ने नए विद्यार्थियों से कहा कि सोशल साइंस के विभिन्न विषयों का सिलेबस आधुनिक है और कौशल विकसित करने पर आधारित है।

ओएनजीसी के पूर्व एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर एचआर आलोक मिश्रा ने कहा कि विद्यार्थियों में धैर्य, निरंतरता, गर्व के साथ जिस क्षेत्र में वह जाना चाहते हैं, उस सही क्षेत्र का चुनाव करना जरूरी है। एमएसडब्ल्यू विभाग के समन्वयक प्रो. हर्ष डोभाल ने विद्यार्थियों को बताया कि डिस्टेंस लर्निंग या आनलाइन मोड की पढ़ाई की तुलना में यूनिवर्सिटी की पढ़ाई अलग है।

News paper – Dainik Jagran
Date – 31.07.2024